## 10/ अधिकार और क़ानून (लीगल)

यह आपका अधिकार है कि आपके साथ समानता और निष्पक्षता से बर्ताव किया जाए। ऐसे एडवोकेसी (पक्षसमर्थन) संगठन होते हैं जो आपके लिए पक्षसमर्थन करने में सहायता कर सकते हैं, ऐसी क़ानूनी सेवाएँ हैं जो क़ानूनी सलाह के साथ आपकी सहायता कर सकते हैं और भविष्य के लिए योजना बनाने में सहायता करने के लिए सूचना एवं संसाधन हैं।

यह अनुभाग निम्नलिखित के बारे में सेवाएँ और सूचना के लिंक्स प्रदान करता है:

आपके अधिकार
एक ऑस्ट्रेलियाई व्यक्ति और एक विकलाँग व्यक्ति के तौर पर अपने अधिकारों को समझना

एडवोकेसी (पक्षसमर्थन)
संगठन जो आपको अपने अधिकारों को समझने में सहायता कर सकते हैं

क़ानूनी सेवाएँ
लीगल एड समूह और विकलाँगता कानून में विशेषज्ञता वाली सेवाएँ

भविष्य के लिए योजना बनाना
संरक्षकता, पावर ऑफ़ अटॉर्नी, अग्रिम देखभाल योजना (एडवांस केयर प्लेनिंग) और वसीयतें

### 10.1 आपके अधिकार

आपके अधिकारों में बुनियादी पात्रताएँ शामिल होती हैं जैसे कि निष्पक्ष रूप से बर्ताव किया जाना, दूसरों के साथ निष्पक्षता से बर्ताव करना और विकल्प लेने की क्षमता का होना।
यदि कोई आपको अपने अधिकारों का प्रयोग करने से रोक रहा है या आपके साथ भेदभाव कर रहा है, तो आप क़ानूनी शिकायत कर सकते/ती हैं या आपकी सहायता करने के लिए एक एडवोकेट (वकील) तक पहुँच प्राप्त कर सकते/ती हैं।

पता लगाएँ कि आपके राज्य या राज्य-क्षेत्र में क्या उपलब्ध है
आपके राज्य या राज्य-क्षेत्र में अंग्रेज़ी भाषा में क्या उपलब्ध है, यह पता लगाने के लिए यहाँ मैप या बटनों का प्रयोग करें।

### 10.2 एडवोकेसी (पक्षसमर्थन)

विकलाँगता पक्षसमर्थन किसी व्यक्ति के मानवाधिकारों को बढ़ावा देती है, उनकी रक्षा करती है और उनका समर्थन करती है। पक्षसमर्थन संगठन यह सुनिश्चित करने में आपकी सहायता कर सकते/ती हैं कि आपके साथ भेदभाव नहीं किया जाता है और दूसरे लोग आपके साथ समानतापूर्वक और सम्मानपूर्वक बर्ताव करते हैं।

आप अपने राज्य या राज्य-क्षेत्र में विकलाँगता पक्षसमर्थकों की खोज या Ask Izzy Disability Advocacy finderका प्रयोग कर सकते/ती हैं।

पता लगाएँ कि आपके राज्य या राज्य-क्षेत्र में क्या उपलब्ध है

आपके राज्य या राज्य-क्षेत्र में अंग्रेज़ी भाषा में क्या उपलब्ध है, यह पता लगाने के लिए यहाँ मैप या बटनों का प्रयोग करें।

### 10.3 क़ानूनी सेवाएँ

किसी न किसी समय आपको क़ानूनी सहायता या सलाह की ज़रूरत पड़ सकती है। आप लीगल एड या किसी अन्य विशेषज्ञ क़ानूनी सेवाओं से क़ानूनी सलाह ले सकते/ती हैं, और कुछ क़ानूनी सेवाओं को विकलाँगता-संबंधित मुद्दों में विशेषज्ञता प्राप्त है।

पता लगाएँ कि आपके राज्य या राज्य-क्षेत्र में क्या उपलब्ध है

आपके राज्य या राज्य-क्षेत्र में अंग्रेज़ी भाषा में क्या उपलब्ध है, यह पता लगाने के लिए यहाँ मैप या बटनों का प्रयोग करें।

### 10.4 भविष्य के लिए योजना बनाना

भविष्य की देखभाल और फैसला लेने से जुड़ी आवश्यकताओं के लिए योजना बनाना भी आपके लिए महत्वपूर्ण हो सकता है।

#### सामाजिक सेवाएँ विभाग (Department of Social Services)

सामाजिक सेवाएँ विभाग की एक पुस्तिका है जो उन चीज़ों की चर्चा करती है जिनपर आप भविष्य की योजना बनाने और क़ानूनी तथा आर्थिक सलाह कैसे प्राप्त करनी है, इसपर ग़ौर कर सकते हैं।

यह पढ़ें *भविष्य के लिए योजना बनाना: विकलाँग लोग*

पता लगाएँ कि भविष्य की योजना बनाने में कौन से संगठन आपकी सहायता करने में सक्षम हो सकते हैं

विशेष विकलाँगता ट्रस्टों के बारे में पता लगाएँ

पता लगाएँ कि आपके राज्य या राज्य-क्षेत्र में क्या उपलब्ध है

आपके राज्य या राज्य-क्षेत्र में अंग्रेज़ी भाषा में क्या उपलब्ध है, यह पता लगाने के लिए यहाँ मैप या बटनों का प्रयोग करें।